चामड़ा की पुतली भजन करले

भजन करले भजन करले,
चामड़ा की पुतली भजन करले.....

चामड़ा का हाथी घोड़ा चामड़ा का ऊंट,
चामड़ा की नौबत बाजे, भाजे चारय खुट,
भजन करले......

चामड़ा का राजा रानी चाम का वजीर,
चामड़ा का बामण बनिया, चाम का फ़कीर,
भजन करले......

चामड़ा का बछड़ा ने चामड़ा की गाय,
चामड़ा से दूध निकले, चामडो मे जाय,
भजन करले......

चामड़े की मसक बनाई वा मे ठंडो नीर,
चामड़े की दुनिया सारी, कह गये दास कबीर,
भजन करले.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30819/title/chamda-ki-putli-bhajan-karle

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |